दिनांक: 14.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में ''मिशन मौसम'' का शुभारंभ किया। यह मिशन देश को हर मौसम और जलवायु के लिए स्मार्ट राष्ट्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। भारत मंडपम में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री ने भारतीय मौसम विभाग के 150वें स्थापना दिवस पर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि देश की जलवायु को स्मार्ट और भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से इस मिशन की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि यह स्थायी भविष्य और उसकी तैयारी के लिए देश की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि मौसम विभाग इन 150 वर्षों में देशवासियों की सेवा करने के साथ ही देश की वैज्ञानिक यात्रा का प्रतीक भी बन गया है। इस अवसर पर श्री मोदी ने मौसम विभाग पर आधारित एक स्मारक सिक्का भी जारी किया। उन्होंने भारतीय मौसम विभाग विज़न–2047 दस्तावेज़ भी जारी किया। इसमें मौसम पूर्वानुमान, मौसम प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन की समस्याओं से निपटने की योजनाएँ शामिल हैं।

..................

सूर्य के उत्तरायण होने का पर्व मकर संक्रांति आज प्रदेशभर में पारम्परिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर तड़के से ही लोग पवित्र सरोवरों और जलाशयों में स्नान कर दान पुण्य कर रहे हैं।
अजमेर के पुष्कर, बीकानेर के कोलायत, जयपुर के गलता जी और डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। जगह–जगह गायों को चारा खिलाया जा रहा है और असहाय तथा निर्धन लोगों की मदद की जा रही हैं। मलमास के समाप्त होने पर आज से मांगलिक कार्यों की भी फिर से विधिवत शुरूआत हो रही है। मंदिरों में भगवान को तिल के बने व्यंजनों का भोग लगाकर मान मनुहार की जा रही है। घरों में भी गजक, मूंगफली और तिल व्यंजनों से आवभगत की जा रही है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से मकर संक्रांति के परम्परागत रूप से मनाए जाने के समाचार हैं। पाली में विभिन्न डिजाइनों और आकार की पतंगों के साथ ही लोग सोने चांदी की पतंगें खरीदते भी देखे जा रहे हैं। चूरू में पारम्परिक रूप से तुला दान किया जा रहा है। जैसलमेर में सोनार दुर्ग स्थित लक्ष्मीनाथ मंदिर में सुबह से भक्तों की भीड़ बनी हुई है। डूंरगपुर में दान पुण्य के साथ पतंगबाजी को लेकर आदिवासियों में भी उत्साह बना हुआ है।
इधर, मकर संक्रांति पर राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में पारम्परिक रूप से पतंग उड़ाने को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। फिल्मी गानों और लोक गीतों की धुनों पर लोग सुबह से छतों पर चढे हुए हैं और पतंगबाजी का आनंद ले रहे हैं। पर्यटन विभाग की ओर से जयपुर में जलमहल की पाल पर आज पतंग उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।
इस बीच, राजधानी जयपुर में पतंगबाजी से घायल पक्षियों के उपचार के लिए सभी पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक आज दिनभर खुले रहेंगे।

..................

आज पूर्व सैनिक दिवस मनाया जा रहा है। पूर्व सैनिकों के समर्पण, बलिदान और निस्वार्थ सेवा का सम्मान करने के लिए ये दिन मनाया जाता है। इस अवसर पर सप्त शक्ति कमांड की ओर से जयपुर मिलिट्री स्टेशन में समारोह रखा गया है। रक्षा प्रवक्ता कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि वेटरन्स डे समारोह, सशस्त्र बलों के आचार **"हमारे वेटरन्स, हमारा गौरव"** की भावना को मजबूत करता है।
पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर आज आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से विशेष कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा। 15 मिनिट के इस कार्यक्रम को शाम 6 बजकर 5 मिनिट पर सुना जा सकता है।

..................

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर ने कहा है कि ''महिला आयोग आपके द्वार'' अभियान महिलाओं के लिए फायदेमंद साबित हो रहा है। उदयपुर में संभाग स्तरीय जनसुनवाई में श्रीमती राहटकर ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्र की महिलाएं अपनी समस्याएं लेकर दिल्ली तक नहीं पहुंच पाती हैं, इसलिए आयोग ने उन तक पहुंचकर राहत देने के लिए ये अभियान चलाया है। उन्होंने महिलाओं से अपनी बात बेझिझक

होकर आयोग के सामने रखने की बात कही। महिला आयोग अध्यक्ष आज जिला परिषद सभागार में संभाग स्तरीय बैठक भी ले रही हैं।

..................

कल होने वाली यूजीसी–नेट दिसम्बर 2024 परीक्षा स्थगित कर दी गई है। नई तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने एक वक्तव्य में कहा है कि 15 जनवरी को पोंगल, मकर संक्रांति और अन्य त्योहार होने के कारण यूजीसी–नेट परीक्षा स्थगित करने के लिए अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं।

..................